# नगर निगम के खिलाफ लोगों ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन

## बुड्ढा दरिया की गंदगी से बिगड़े हालात, कई बार दी शिकायतें नहीं हुआ समाधान

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के वार्ड नंबर 82 स्थित ढोका मोहल्ले में सीवर और नाले की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है।

नाले का पानी बैक मारने के कारण सड़कों और गलियों में गंदा पानी भर गया है, जिससे इलाके के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर रविवार को क्षेत्रवासियों ने नगर निगम जोन डी कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए, वहीं पूर्व विधायक और पार्षदों की मौजूदगी ने आंदोलन को और तेज कर दिया।

धरने में पूर्व विधायक सुरिंदर डावर, पार्षद शाम सुंदर मल्होत्रा, पार्षद पति इंदरजीत इंदी, इलाका पार्षद अरुण कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले एक साल से यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों ने अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला।





प्रदर्शन करते पूर्व विधायक, पार्षद व इलाका निवासी, मटका तोड़ प्रदर्शन करते पार्षद व इलाका निवासी। -समर न्यूज़

**पीने का पानी भी हो रहा दूषित, बीमारियों का खतरा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो के कारण पीने के पानी की सप्लाई भी दूषित हो रही है। नलों से बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। खासकर डेंगू, मलेरिया और पेट से जुड़ी बीमारियों को लेकर लोग डरे हुए हैं।

निवासियों का कहना है कि छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को पहले ही बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों की शिकायत हो चुकी है।

**कई बार दी शिकायतें, नहीं हुआ समाधान**

पार्षद अरुण कुमार ने बताया कि इस समस्या को लेकर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें दी गईं और मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मजबूर होकर लोगों को जोन डी कार्यालय के बाहर मटका तोड़कर और धरना देकर प्रदर्शन करना पड़ा, ताकि सोया हुआ नगर निगम जाग सके।

**एक घंटे के बाद पहुंचे जॉइंट कमिश्नर**

प्रदर्शन करीब एक घंटे तक चला, जिसके बाद मौके पर जॉइंट कमिश्नर विनीत कुमार पहुंचे।

उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए एसडीओ और जेई की ड्यूटी लगा दी गई है और जल्द ही हालात सुधारे जाएंगे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन अस्थायी रूप से समाप्त किया गया।

**बुड्ढा दरिया साफ नहीं हुआ तो आंदोलन होगा तेज**

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बुड्ढा दरिया की सफाई और सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान नगर निगम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई और समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील की गई। लोगों का कहना है कि यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**15 दिन से बिना बारिश के भी गलियां जलमग्न**

स्थानीय निवासी मंजू ने बताया कि पिछले करीब 15 दिनों से हालात बेहद खराब हैं। बरसात के दिनों में तो पूरा मोहल्ला डूब जाता था, लेकिन अब बिना बारिश के ही गंदा पानी और कीचड़ गलियों में भर गया है।

उन्होंने कहा घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए हालात और भी खतरनाक हैं। निवासियों का कहना है कि कई घरों में सीवर का पानी घुस चुका है, जिससे घरेलू सामान खराब हो रहा है और बदबू के कारण रहना दूभर हो गया है।

### काले पानी की सजा भुगत रहा मोहल्ला

*धरने में शामिल निवासी जसप्रीत सिंह, अमन, कुसुम और इंदरजीत कौर ने कहा कि उनका मोहल्ला वर्षों से "काले पानी की सजा" भुगत रहा है। इलाके में डिस्पोजल प्लांट लगे हुए हैं, लेकिन वे ठीक से काम नहीं कर रहे। इसी वजह से सीवर का पानी बार-बार बैक मारता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह समस्या कई सालों से चली आ रही है, लेकिन हर बार केवल अस्थायी समाधान किया जाता है। "हर बार अधिकारी आकर आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद हालात फिर वही हो जाते हैं," लोगों ने नाराजगी जताई।*

### नीलो नहर से छोड़ा जा रहा ज्यादा पानी मोहल्ले में हो रहा सीवर ओवरफ्लो

*इलाका पार्षद अरुण कुमार ने बताया कि नीलो नहर से बार-बार जरूरत से ज्यादा पानी छोड़े जाने के कारण ढोका मोहल्ले में सीवर लाइन पर दबाव बढ़ जाता है। नतीजतन गंदा पानी बैक मारकर सड़कों पर आ जाता है। सड़कों पर जमा कीचड़ और गंदगी के कारण आए दिन वाहन चालक फिसलकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन नगर निगम ने इस ओर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल ढोका मोहल्ले तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के कई इलाकों में भी सीवर ओवरफ्लो और बुड्ढा दरिया का दूषित पानी गलियों में फैल रहा है।*

# गुरु रविदास जयंती पर विधायक दलजीत ग्रेवाल ने टेका माथा



विधायक दलजीत ग्रेवाल और उपस्थित जनसमूह। -समर न्यूज़

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर समस्त संगतों एवं देशवासियों को हल्का पूर्वी से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज जी ने समाज में समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश देकर सदैव शोषित और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। विधायक ग्रेवाल ने जानकारी दी कि पंजाब सरकार द्वारा अगले वर्ष मनाए जाने वाले श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप देने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विधायक ग्रेवाल ने आज विधानसभा क्षेत्र पूर्वी के ताजपुर रोड, टिब्बा रोड, सुभाष नगर और बस्ती जोधेवाल स्थित विभिन्न गुरुद्वारा साहिबानों में माथा टेका। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा गुरु रविदास महाराज जी का प्रकाश पर्व पूर्ण श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की ओर से विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों को सिरोपाओ भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बजट समावेशी विकास की मजबूत नींवः नवल जैन

दलजीत विक्की/ समर न्यूज़| लुधियानाः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए केंद्रीय बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास पर आधारित विकास का बजट बताते जिला भाजपा उपाध्यक्ष नवल जैन ने कहा कि यह बजट आने वाले 10 वर्षों में भारत की दिशा और दशा तय करने वाला है। नवल जैन ने कहा कि यदि भारत को दुनिया के नक्शे पर अग्रणी राष्ट्र बनना है, तो उसे उन सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ना होगा, जहां आज अमेरिका और चीन मजबूत स्थिति में हैं। इसी सोच के साथ इस बजट में उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जो भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे ले जा सकते हैं।



नवल जैन

# लुधियाना फ्रूट मंडी में गुंडागर्दी, कब्जे को लेकर फल व्यापारी पर जानलेवा हमला

- तेजधार हथियार से एक की हालत नाजुक; पुलिस अधिकारियों ने मंडी पहुंचकर व्यापारियों को दिया भरोसा

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

रविवार को लुधियाना की फ्रूट मंडी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ असामाजिक तत्वों ने फल बेचने की जगह पर कब्जा करने की नीयत से एक फल व्यापारी और उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने तेज हथियारों से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया और धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए फल व्यापारी पंकज वधवा ने बताया कि आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ मंडी में आया और उस जगह पर कब्जा करने की कोशिश करने लगा, जहां पिछले लंबे समय से फल बेचे जा रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में कमल और उनके बेटे पुनीत को गंभीर चोटें आईं।

**गंभीर हालत में निजी अस्पताल रेफर–**

हमले के बाद मंडी में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। गंभीर रूप से घायल पुनीत को पहले सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल पुनीत का इलाज जारी है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।



घायल पुनीत वधवा। -समर न्यूज़



एडीसीपी सुमीर वर्मा और थाना प्रभारी मौके का जायजा लेते हुए। -समर न्यूज़

**मंडी में दहशत का माहौल**

घटना के बाद फ्रूट मंडी में दहशत का माहौल बना हुआ है। व्यापारियों में भय व्याप्त है और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**पुलिस अधिकारियों ने संभाला मोर्चा**

मंडी में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एडीसीपी नॉर्थ समीर वर्मा, एसीपी नॉर्थ कीकर सिंह, थाना बस्ती जोधेवाल के प्रभारी इंस्पेक्टर सरदार जसवीर सिंह सहित पुलिस बल ने मंडी में व्यापारियों और भाईचारा समूह के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया कि सब्जी और फ्रूट मंडी में किसी भी तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने व्यापारियों से सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# 273 ग्राम हेरोइन व 61 ग्राम आइस के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

## 60 हजार ड्रग मनी और वरना कार बरामद

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

जेल से जमानत पर छूटने के बाद जल्द अमीर बनने के लिये नशा तस्करी करने वाले एक युवक को थाना कुमकला पुलिस ने काबू कर उससे भारी मात्र में हेरोइन और आईस बरामद की है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को आज अदालत में पेश कर उसका रिमांड एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। पुलिस आरोपी से सख्ती से पूछताछ कर रही है कि आरोपी किस जगह से नशा लाता था और उसके साथ इस नशा तस्करी में कौन कौन लोग शामिल है। मामले की जानकारी देते एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंदरजीत सिंह,ने बताया कि थाना कुमकला के एसएचओ परमदीप सिंह, के नेतृत्व में थाना कूमकलां के चौकी कटानी कलां के इंचार्ज सुरजीत सैनी ने पुलिस टीम के साथा नशे के डिलीवरी देने जा रहे एक बड़े नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में अहम सफलता हासिल की है। थाना कुमकला की रामगढ़ चौंकी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी तरणवीर सिंह उर्फ धन्ना, पुत्र स्वर्गीय मंगत सिंह, निवासी गांव नीलो कलां, थाना समराला, जिला लुधियाना, जो नशा तस्करी का आदी है, अपनी काली रंग की वरना कार में सवार होकर माछीवाड़ा रोड से कुहाड़ा चौक, लुधियाना की ओर नशा बेचने के लिए आ रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 273 ग्राम हेरोइन, 61 ग्राम आइस, 60,000 ड्रग मनी तथा वारदात में प्रयुक्त वरना कार बरामद की है।



जानकारी देते एसीपी इंद्रजीत सिंह बोपाराय, एसएचओ परमदीप सिंह।समर न्यूज़

## लुधियाना की शामः सुनहरे आसमान में ढलता सूरज



पीले-सुनहरे रंगों से रंगा आकाश, क्षितिज पर उतरता सूरज और शहर पर छाई सुकून भरी रौशनी। -लक्की भट्टी

## स्कूल के बाहर पुलिस की सख्त चेकिंग

लुधियाना |समर न्यूज़ः लुधियाना में कमिश्नरेट पुलिस ने छात्रों की सुरक्षा को लेकर बीवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई कमिश्नर पुलिस स्वपन शर्मा के निर्देशों पर एडीसीपी ट्रैफिक गुरप्रीत कौर पुरेवाल की अगुवाई में हुई। अभियान के दौरान 43 वाहनों के चालान काटे गए और दो वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने कहा कि ऐसे सरप्राइज चेक अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास भी जारी रहेंगे।

## 20 ग्राम हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना लाडोवाल पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को हार्डीज वर्ल्ड पुल के पास शक के आधार पर रोककर तलाशी ली गई, इस दौरान उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। जांच अधिकारी जसविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जब हार्डीज वर्ल्ड के पास गश्त कर रही थी, तभी एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन मिली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह गीता, पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी राजापुर, लाडोवाल, लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना लाडोवाल की प्रभारी सब-इंस्पेक्टर गुरशिंदर कौर ने बताया कि आरोपी नशे का आदी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह हेरोइन कहां से लेकर आया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। इस मामले में और गिरफ्तारियों की भी संभावना जताई जा रही है।



**घर वापसी** | पंजाब सरकार ओर भारत सरकार का किया धन्यवाद

# 32 महीने पाक की जेल में बिता कर अपने घर वापिस पहुंचा हरविंदर सिंह

राज बब्बर | जगराओं
समर न्यूज़

जगराओं के सिधवां बेट ब्लॉक के गांव परजियां बिहारीपुर का रहने वाला 28 वर्षीय हरविंदर सिंह अपने दोस्त रतनपाल के साथ पाकिस्तान के लाहौर स्थित कोटलखत जेल में 32 महीने बिताने के बाद कल रात अपने घर लौट आया। हरविंदर की घर वापसी पर परिवार और गांव में भावुक माहौल देखने को मिला। हरविंदर सिंह ने बताया कि जुलाई 2023 में आई बाढ़ के दौरान वह जालंधर क्षेत्र में रहने वाले अपने दोस्त रतनपाल के साथ अपनी बहन के घर बाढ़ के पानी में बह गया सामान निकालने गया था। इसी दौरान सतलुज नदी के तेज बहाव में दोनों बह गए और अनजाने में पाकिस्तान की सीमा में पहुंच गए। हरविंदर के अनुसार, पाकिस्तान पहुंचते ही पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया, बुरी तरह पीटा और आंखों पर पट्टी बांधकर किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। वहां उन पर भारत का जासूस होने का दबाव बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि रिमांड के दौरान उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी गईं, यहां तक कि बिजली का करंट भी लगाया गया। हरविंदर ने बताया कि इसके बाद उन्हें एक अंधेरी काल कोठरी में बंद कर दिया गया, जहां सूरज की रोशनी तक नहीं पहुंचती थी और उन्हें यह तक पता नहीं चलता था कि वह कहां हैं। पाकिस्तानी अदालत ने उन्हें एक साल की सजा और 10,000 रुपये जुर्माना लगाकर जेल भेज दिया। सजा पूरी होने के बावजूद भी उन्हें रिहा नहीं किया गया और जुर्माना न भर पाने के कारण उन्हें अतिरिक्त सजा काटनी पड़ी। उन्होंने बताया कि उनके साथ करीब 20 अन्य भारतीय कैदी भी जेल में बंद थे, जिनमें कई बीमार और बुजुर्ग थे। कुछ कैदी शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन किसी को भी दवाइयां उपलब्ध नहीं कराई जाती थीं। कैदियों को आपस में बातचीत की भी अनुमति नहीं थी और पाकिस्तानी कैदियों को उनसे अलग रखा जाता था। हरविंदर के अनुसार, उनसे बार-बार एक ही बात कही जाती थी कि वह यह स्वीकार करें कि उन्हें भारत की जासूसी के आरोप में वहां भेजा गया है। इस दौरान हरविंदर के परिवार ने बताया कि जब वह पाकिस्तान की जेल में बंद थे, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। परिवार ने कहा कि आज हरविंदर की सुरक्षित घर वापसी से वे बेहद खुश हैं और इसके लिए पंजाब सरकार और भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।इस मौके पर गांव के सरपंच जसवीर सिंह ने कहा कि गांववासियों के सहयोग से हरविंदर सिंह और उसके दोस्त रतनपाल की वापसी संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग मिलकर हरविंदर को दोबारा जिंदगी शुरू करने में आर्थिक मदद करेंगे। साथ ही उन्होंने पंजाब सरकार से भी अपील की कि हरविंदर सिंह और उसके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।





# श्री दंडी स्वामी मंदिर में रविदास जी के संदेशों का हुआ गुणगान



लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में रविवारीय साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का आयोजन पं. राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। संकीर्तन की शुरुआत श्री गणेश जी की वंदना से हुई। इस अवसर पर केशव जोशी,विशाल अरोड़ा, हरिपाल आहूजा, अश्वनी ग्रोवर, सोमनाथ मल्होत्रा, प्रिंस छाबड़ा, आत्म प्रकाश, कपिल शर्मा, रघुवीर उप्पल, बृजमोहन ढींगरा, ललित शर्मा द्वारा गणेश वंदना, महामंत्र जाप एवं श्री ठाकुर जी के मधुर भजनों के माध्यम से गुणगान किया गया। हरिनाम के नाम-रस का दिव्य आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पधारे।इस मौके पर पं. राजकुमार शर्मा ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संत शिरोमणि सतगुरु श्री रविदास जी महाराज के प्रगट उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके जीवन एवं दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। पं. शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी की णी आज भी मानवता को सही मार्ग दिखाती है। संकीर्तन के अंत में प्रार्थना आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 149